ईमेल / महत्वपूर्ण

संख्या– 112 / सत्तर–7–2023–बी0एड0(09) / 2014टी0सी0

प्रेषक,

डॉ0 सुधीर एम0 बोबडे,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,
झाँसी।

उच्च शिक्षा अनुभाग–7 लखनऊः दिनांक 05 अप्रैल, 2023

विषयः– उ0प्र0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0–2023 की संशोधित तिथियों के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–बु0वि0 / यू0पी0बी0एड0 / 2023 / 446, दिनांक 03.04.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0–2023 के विषय में निम्नानुसार संशोधित तिथियों की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध / संस्तुति की गयी हैः–

बिना विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन की तिथि	15.05.2023	सोमवार
विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन की तिथि	20.05.2023	शनिवार
आवेदकों की आपत्तियों के निस्तारण की तिथि	24.05.2023	बुधवार
प्रवेश परीक्षा की तिथि	15.06.2023	गुरूवार
परीक्षा परिणाम घोषित करने की तिथि	30.06.2023	शुक्रवार
काउन्सिलिंग प्रारम्भ होने की तिथि	10.07.2023	सोमवार

2– अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य सरकार द्वारा उ0प्र0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0–2023 हेतु नोडल विश्वविद्यालय द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर उपरोक्तानुसार इंगित तिथियों के अनुसार परीक्षा कार्यक्रम की अनुमति छात्रहित में निम्न प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती हैः–

2.1 अंतिम रूप से तिथियों का पुनर्निर्धारण किये जाने के बाद भविष्य में सामान्य स्थितियों में विचलन सम्भव नहीं होगा।

2.2 काउन्सिलिंग की तिथियों में, सामान्य परिस्थिति में, पुनर्निर्धारण संभव नहीं होगा।

2.3 समस्त प्रकिया पारदर्शी व शुचिता–पूर्ण ढंग से करने का दायित्व संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा की कोर–कमेटी का संयुक्त रूप से व पृथक–पृथक रूप से होगा।

3– इस संबंध में शासनादेश संख्या–01 / सत्तर–7–2022–बी0एड0(09) / 2014टी0सी0, दिनांक 03 जनवरी, 2023 एवं शासनादेश संख्या–72 / सत्तर–7–2023–बी0एड0(09) / 2014टी0सी0, दिनांक 02 मार्च, 2023 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

4– कृपया संदर्भगत परीक्षा के संशोधित कार्यकम विषयक समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / निजी विश्वविद्यालयों के सभी अर्ह अभ्यर्थियों (विशेष रूप से पांचवें एवं छठवें सेमेस्टर में अध्ययनरत सभी छात्र–छात्राओं) के मध्य व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाये। उक्त निर्देशों के कम में कृत कार्यवाही व अनुपालन आख्या से शासन को यथा समय संसूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

05/4/23

(डॉ0 सुधीर एम0 बोबडे)
प्रमुख सचिव